आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 14/04/2026 समय : 07.10 PM

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड में सालभर पर्यटन बढ़ाने पर जोर दिया।
- सम्राट चौधरी बिहार में भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव महू में अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए।
- नारी शक्ति वंदन पखवाड़े का राज्य स्तरीय कार्यक्रम कल भोपाल में होगा आयोजित।
- प्रदेश में गर्मी का असर तेज, कई जिलों में लू चलने की चेतावनी।

**प्रधानमंत्री- उत्तराखण्ड**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखण्ड में पूरे वर्ष पर्यटन को बढ़ावा देने के महत्व पर बल दिया है। देहरादून में दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे के उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए 12 महीने का पर्यटन निर्णायक है। उन्होंने शीतकालीन पर्यटन के लिए एक गंतव्य, शीतकालीन खेल और डेस्टिनेशन वेडिंग के रूप में राज्य की बढ़ती लोकप्रियता का उल्लेख किया। कैलाश और ओम पर्वत की अपनी 2023 की यात्रा का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि तब से श्रद्धालुओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। इससे यहां के स्थानीय निवासियों के लिए आजीविका के अवसर सृजित हुए।

बिहार-भाजपा

भारतीय जनता पार्टी के विधायक सम्राट चौधरी को बिहार में भाजपा विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। इससे राज्य में अगले मुख्यमंत्री बनने के लिए उनका रास्ता साफ हो गया है। इसकी घोषणा पटना में भाजपा विधायक दल की एक बैठक के बाद की गई। केन्द्रीय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किए गए केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सम्राट चौधरी को सर्वसम्मति से से विधायक दल का नेता चुना गया है।

अंबेडकर जयंती

इंदौर के महू में आज भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे उत्साह के साथ मनाई गई, जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने बाबा साहेब को नमन करते हुए कहा कि वे सिर्फ संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि नए भारत के निर्माता भी थे, जिन्होंने समाज में समानता और न्याय का

रास्ता दिखाया। उन्होंने बताया कि महिलाओं के अधिकार, समान वेतन और श्रमिकों के हक जैसी कई अहम बातें बाबा साहेब की ही देन हैं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों के साथ बैठकर भोजन भी किया। इन्दौर,गुना,सीहोर,बैतूल,रायसेन,भोपाल,पन्ना,खंडवा,अशोकनगर,मंडला, शाजापुर,नर्मदापुरम,मंदसौर,सिंगरौली,देवास, सहित अन्य जिलों में भी **डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती** पर कार्यक्रम आयोजित किये गये।

**सिंधिया डाक टिकट प्रदर्शनी**

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज नई दिल्ली में एक डाक टिकट प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी का विषय था- एक भारत, श्रेष्ठ भारत: डाक टिकटों के माध्यम से भारत की एकता और लोकतंत्र का उत्सव। डाक विभाग द्वारा प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय के सहयोग से आयोजित यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी शुक्रवार तक चलेगी। प्रदर्शनी में देश की सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक धरोहर को दर्शाने वाले डाक टिकटों का एक चुनिंदा संग्रह प्रस्तुत किया गया है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 26 तारीख को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 133वीं कड़ी होगी।कार्यक्रम के लिए लोग अपने विचार और सुझाव टोल-फ्री नंबर 1800-11-7800 पर भेज सकते हैं।

पीथमपुर घटना

धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित रामकी एनवायरो कंपनी में आज तीन धमाके हुए, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। धमाकों की आवाज करीब एक किलोमीटर तक सुनाई दी और आसपास के गांवों में लोगों ने झटके महसूस किए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।धमाकों के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस और तकनीकी विशेषज्ञों की टीम जांच में जुटी हुई है।

नारी शक्ति वंदन पखवाड़े

नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के तहत कल यानी 15 अप्रैल को भोपाल के रवीन्द्र भवन में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे और महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी और अधिकारों को लेकर संबोधित करेंगे।इस मौके पर "महिला नेतृत्व की यात्रा" विषय पर एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें महिलाओं की उपलब्धियों को दर्शाया जाएगा।कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं, और जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

पीएनजी- कनेक्शन

खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने लोगों से अपील की है कि जहां पीएनजी पाइपलाइन बिछ चुकी है वहां उपभोक्ता पीएनजी कनेक्शन जरूर लें, ताकि गैस की लगातार सप्लाई मिल सके और सिलेंडर की जरूरत कम हो। उन्होंने बताया कि एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए प्रदेशभर में लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें अब तक हजारों सिलेंडर जब्त किए जा चुके हैं। मंत्री ने साफ किया कि प्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और सप्लाई पूरी तरह सामान्य है।साथ ही उपभोक्ताओं से वैकल्पिक ऊर्जा जैसे बायोगैस और सोलर साधनों के उपयोग की भी अपील की गई है।

मौसम

प्रदेश में अब तेज गर्मी का असर बढ़ने लगा है। राज्य के कई शहरों में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 16 और 17 अप्रैल से कई जिलों में लू चल सकती है, जिनमें रतलाम, धार, झाबुआ, खरगोन और खंडवा शामिल हैं। हालांकि 15 अप्रैल से एक नया मौसम सिस्टम बनेगा, लेकिन इससे गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में आज का मुकाबला चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां चेन्नई सुपर किंग्स का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। कोलकाता नाइट राइडर्स .ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया है। मैच अब से कुछ ही देर में शुरू होगा शुरू होगा। चेन्नई की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ के हाथों में है, जबकि कोलकाता की कमान अजिंक्य रहाणे संभाल रहे हैं।

**समाचार संक्षेप में .....**

- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव नर्मदापुरम जिले की सिवनीमालवा में 16 अप्रैल को अनेक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। साथ ही विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन भी करेंगे।
- खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक 28 हज़ार 199 किसानों से 12 लाख 52 हजार 470 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है।
- कटनी ज़िले में आज अग्निशमन सेवा दिवस पर अग्निशमन कार्यालय में श्रद्धांजलि एवं जागरूकता रैली का आयोजन हुआ।
- जबलपुर पुलिस ने कटनी जबलपुर राजमार्ग पर गांजा तस्कर गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है।
- अशोकनगर के कोलूआ रोड पर आज एक सड़क हादसे में 41 वर्षीय के व्यक्ति की मौत हो गई।
- सीहोर जिले में जावर तहसील के जंगलों में भीषण आग लग गई जिससे जंगल का बड़ा हिस्सा प्रभावित हुआ।

..........................